# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

### संकल्प

संख्या–15 / आरोप–ट्रैप (सीतामढ़ी) 02–132 / 2026–..........................(15) / रा0, दिनांक–...........................

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना के धावादल द्वारा श्री प्रभात कुमार, अंचल अधिकारी, बाजपट्टी, सीतामढ़ी को दिनांक–14.07.2026 को अतिक्रमण हटाने के एवज में रिश्वत मांगने संबंधी आरोप के लिए गिरफ्तार किये जाने की सूचना विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से प्राप्त है।

2. निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना द्वारा की गयी कार्रवाई के आधार पर मामले की गंभीरता (भ्रष्ट आचरण) को देखते हुए अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा श्री प्रभात कुमार, अंचल अधिकारी, बाजपट्टी, सीतामढ़ी को गिरफ्तार किये जाने की तिथि–14.07.2026 से निलम्बित करने का निर्णय लिया गया है।

3. अतएव अनुशासनिक प्राधिकार के निर्णयानुसार श्री कुमार को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 (समय–समय पर यथा संशोधित) के नियम–9 की कंडिका–1 की उप कंडिका–'क' एवं 'ग' तथा कंडिका–2 में अन्तर्निहित प्रावधानों के आलोक में गिरफ्तार किये जाने की **तिथि–14.07.2026 के प्रभाव से निलम्बित** किया जाता है।

4. निलम्बन अवधि के दौरान श्री कुमार का **मुख्यालय–प्रमंडलीय आयुक्त का कार्यालय, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर** निर्धारित किया जाता है, जहाँ हिरासत से मुक्त होने के उपरान्त वे अपना योगदान समर्पित करेंगे, जहाँ वे नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज करेंगे।

5. निलम्बन अवधि में श्री कुमार को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 (समय–समय पर यथा संशोधित) के नियम 10 (1) के प्रावधानों के तहत जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से,**

ह0 / –
**(गिरधारी लाल)**
**सरकार के संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक :–15 / आरोप–ट्रैप (सीतामढ़ी) 02–132 / 2026–......................(15) / रा0, पटना– 15, दिनांक–...............................

प्रतिलिपि :– आयुक्त, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर / समाहर्त्ता, सीतामढ़ी / जिला कोषागार पदाधिकारी, सीतामढ़ी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

समाहर्त्ता, सीतामढ़ी से अनुरोध है कि श्री प्रभात कुमार के विरूद्ध विहित प्रपत्र में आरोप पत्र गठित कर (साक्ष्य सहित) विभाग को **अविलम्ब** उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

ह0 / –
(गिरधारी लाल)
सरकार के संयुक्त सचिव।

D:\2026_jiten\Suspension\Prabhat kumar_CO_(Bajpatti)_Trap_.docx

निबंधित
ई–मेल

ज्ञापांक :– ज्ञापांक :–15/ आरोप–ट्रैप (सीतामढ़ी) 02–132/2026–........................(15)/रा0, पटना– 15, दिनांक–..................................

प्रतिलिपि :– पुलिस अधीक्षक, निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
(गिरधारी लाल)
सरकार के संयुक्त सचिव।

निबंधित

ज्ञापांक :– ज्ञापांक :–15/ आरोप–ट्रैप (सीतामढ़ी) 02–132/2026–........................(15)/रा0, पटना– 15, दिनांक–..................................

प्रतिलिपि :– श्री प्रभात कुमार, अंचल अधिकारी, बाजपट्टी, सीतामढ़ी (**स्थायी पता–मोहल्ला–छोटी दौलतपुर, बसंती दुर्गा मंदिर के निकट, पो0+थाना–जमालपुर, जिला–मुंगेर**) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(गिरधारी लाल)
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक :– ज्ञापांक :–15/ आरोप–ट्रैप (सीतामढ़ी) 02–132/2026–1065(15)/रा0, पटना– 15, दिनांक–16/7/26

प्रतिलिपि :– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना (**मूल प्रति में**)/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/कनीय प्रभारी पदाधिकारी, प्रशाखा–3/आई0टी0/मैनेज़र (विभागीय वेबसाइट पर प्रकाशनार्थ), राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16/7/26

(गिरधारी लाल)
सरकार के संयुक्त सचिव।

D:\2026_jiten\Suspension\Prabhat kumar_CO_(Bajpatti)_Trap_.docx